आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 17.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- पश्चिम बंगाल में आज सियालदाह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस से रंगपानी स्टेशन पर एक मालगाड़ी के टकराने से तीन रेलवे अधिकारियों सहित आठ लोगों की मृत्यु।
- प्रदेश में बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए 10 जुलाई को मतदान और 13 जुलाई को मतगणना होगी। कांग्रेस, भाजपा और उत्तराखंड क्रांति दल ने प्रत्याशी घोषित किए।
- ईद–उल–अजहा आज देश के विभिन्न हिस्सों में उल्लास के साथ मनाया गया।
- प्रदेश के मैदानी हिस्सों में भीषण गर्मी की चेतावनी। कल से राज्य में कहीं–कहीं तेज हवाएं चलने के आसार।

रेल दुर्घटना

पश्चिम बंगाल में सियालदाह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस से एक मालगाड़ी के टकराने से तीन रेलवे अधिकारियों सहित आठ लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गये। यह दुर्घटना आज सवेरे न्यू जलपाईगुडी रेलवे स्टेशन के पास हुई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार मालगाडी, सिग्नल से आगे निकल गई और कंचनजंगा एक्सप्रेस के पिछले हिस्से से टकरा गई। गाडी के पिछले हिस्से में दो पार्सल वैन और गार्ड कोच लगे थे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीड़ितों को बढ़ी हुई अनुग्रह राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को दो लाख 50 हजार और मामूली रूप से घायल लोगों को 50 हजार रुपये दिये जायेंगे। पश्चिम बंगाल में हुई रेल दुर्घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख व्यक्त किया ळें

विधानसभा उप चुनाव

प्रदेश में बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए 10 जुलाई को मतदान और 13 जुलाई को मतगणना होगी। निर्वाचन आयोग ने उपचुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। चमोली और हरिद्वार जिला प्रशासन भी चुनाव की तैयारियों में जुट गया है। चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों ने उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों के नाम पर मंथन शुरू कर दिया है। इसी क्रम में आज कांग्रेस ने बदरीनाथ सीट से लखपत बुटोला और मंगलौर सीट से काजी निजामुद्दीन को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, उत्तराखंड क्रांति दल ने बदरीनाथ सीट के लिए बच्ची राम उनियाल को पार्टी प्रत्याशी बनाया है। भारतीय जनता पार्टी पहले ही इस सीट से राजेंद्र भंडारी को पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री भंडारी ने कहा कि क्षेत्र का विकास और जिले में पर्यटन को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार देना उनकी प्राथमिकता होगी।

सीएम धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वन विभाग को आग की घटनाओं पर तत्काल राहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। श्री धामी ने आज नैनीताल में वन विभाग, पेयजल और विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में वनाग्नि की घटनाओं का फीडबैक लिया तथा अल्मोड़ा के विनसर में वनाग्नि की घटना पर दुख व्यक्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विद्युत समस्या का समाधान करने को कहा। गर्मी बढ़ने के साथ ही कई स्थानों पर नदियों और जल स्रोतों में पानी की कमी हो गई है। इससे लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है, जिसे देखते हुए श्री धामी ने जल संस्थान के अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

चारधाम

प्रदेश में चारधाम और हेमकुण्ड साहिब यात्रा सुचारू रूप से जारी है। इस वर्ष श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक 23 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए। सर्वाधिक आठ लाख 85 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ की यात्रा की है। लगभग छह लाख श्रद्धालु बदरीनाथ धाम के दर्शन के लिए उत्तराखण्ड पहुंचे हैं। साथ ही गंगोत्री और यमुनोत्री में पूजा–अर्चना करने वाले भक्तों की संख्या आठ लाख से अधिक हो गई है। इसके साथ ही चमोली जिले में स्थित सिखों के प्रसिद्ध तीर्थस्थल गुरूद्वारा हेमकुण्ड साहिब में भी अब तक लगभग 75 हजार श्रद्धालु मत्था टेक चुके हैं। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की बढती संख्या में इस बार मौसम का भी महत्वूपर्ण योगदान रहा है। इस वर्ष की यात्रा के शुरू होने के बाद से मौसम साफ बना हुआ, जिसके चलते यात्रा सुगम और निर्बाध रूप से जारी है। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए पानी, शौचालय, विश्राम गृह और स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध करवा रखी है।

अग्निपथ योजना

केंद्र सरकार ने उस व्हाट्सएप संदेश को फर्जी बताया है जिसमें यह दावा किया गया है कि अग्निपथ योजना को सैनिक सम्मान योजना के रूप में पुनः शुरू किया गया है। इस फर्जी संदेश में दावा किया गया है कि इस योजना में कई बदलाव करते हुए इसे फिर से शुरू किया गया है। इन बदलावों में ड्यूटी की अवधि को सात वर्ष तक बढ़ाना और 60 प्रतिशत स्थायी कर्मचारी और बढ़ी हुई आय शामिल है। प्रेस सूचना कार्यालय ने इस तरह के सभी दावों का खंडन करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है।

ईद–उल–अजहा

ईद–उल–अजहा आज देश के विभिन्न हिस्सों में उल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने सुबह ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की और इसके बाद एक–दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर इमामों ने लोगों से शांति और सद्‌भाव बनाने तथा भाईचारे की भावना से त्योहार मनाने की अपील की। हरिद्वार, देहरादून, अल्मोड़ा और चंपावत के टनकपुर जमा मस्जिद, मदीना मस्जिद सहित विभिन्न स्थानों में ईद की नमाज अदा कर देश की खुशहाली व अमनचैन के लिए दुआ की गयी। इस अवसर पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध भी किए गए थे। ईद–उल–अजहा का त्योहार हजरत इब्राहिम द्वारा ईश्वर की आज्ञा का पालन करते हुए अपने इकलौते बेटे की बलि देने की इच्छा की याद में मनाया जाता है।

वन दरोगा प्रशिक्षण

वन विभाग में नवनियुक्त 230 दरोगाओं को प्रदेश के तीन केंद्रों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य वन संरक्षक डॉ. तेजस्विनी अरविंद पाटिल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान पूर्व निर्धारित विषयों के अलावा वानिकी, वन्यजीव, वन कानून, मानव वन्यजीव संघर्ष, रेस्क्यू, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग, अग्निशमन उपकरणों का उपयोग, आपदा प्रबंधन समेत कई विषयों का अध्ययन कराया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर दिया गया है।

अमरनाथ यात्रा

अमरनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो गई है। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड ने इस वर्ष 29 जून से शुरू होने वाली 52 दिन की अमरनाथ यात्रा के लिए बालतल और पहलगाम दोनों यात्रा मार्गों के लिए यह सुविधा शुरू की है। उत्तरी कश्मीर बालतल मार्ग के लिए नीलग्राथ–पंजतरणी और पहलगाम के लिये पहलगाम–पंजतरणी मार्ग पर हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध रहेगी।

नीट अनियमितता

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट के आयोजन में अनियमितताओं के लिए दोषी पाए जाने वाले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। श्री प्रधान ने ओडिशा के संबलपुर में कहा कि दो स्थानों पर अनियमितता बरतने की घटनाएं सामने आई हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में बहुत सुधार किए जाने की आवश्यकता है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 10वें संस्करण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया पर भद्रासन करते हुए अपना एक वीडियो पोस्ट किया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भद्रासन जोड़ों को मजबूत करने और घुटनों में दर्द को कम करने के लिए कारगर है, साथ ही पेट के लिए भी लाभकारी है। इस बीच, प्रदेश में भी योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। राज्य के विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास करने के साथ ही लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

गोली बारी

देहरादून के रायपुर थाना क्षेत्र में डोभाल चौक के पास बीती रात गोली बारी में एक युवक की मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अुनसार मामला ब्याज के पैसों के लेने देने का है, जिसको लेकर विवाद होने पर एक पक्ष के तीन लोगों पर दूसरे पक्ष ने फायरिंग कर दी। इसमें एक युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि अन्य दो घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मौसम

प्रदेश में गर्मी का प्रकोप जारी है। मैदान से लेकर पहाड़ तक भीषण गर्मी महसूस की जा रही है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है। मैदानी इलाकों में दिन के समय गर्म हवा चलने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तापमान में वृद्धि और लू की संभावना को देखते हुए विभाग ने लोगों से दिन के समय अनावश्यक बाहर जाने से बचने की सलाह दी है। साथ ही बाहर जाने पर सिर को ढ़क कर और तरल पदार्थों के अलावा पानी का अधिक सेवन करने को कहा है। मौसम विभाग के अनुसार हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में अगले कुछ दिन भीषण गर्मी और लू की संभावना बने रहने के आसार हैं, जबकि राज्य के अन्य जिलों में कल से कहीं–कहीं झोंकेदार हवाएं चलने और आकाशीय बिजली चमकने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 43 दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रूड़की में रिकॉर्ड किया गया।